भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2700

मंगलवार, दिनांक 11 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

पीएमएसजीएमबीवाई के अंतर्गत रूफटॉप सौर पैनल के संस्थापन के प्रति जन प्रतिक्रिया

2700 श्री पी.पी. सुनीर:

क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना (पीएमएसजीएमबीवाई) के अंतर्गत रूफटॉप सौर पैनल के संस्थापन के प्रति राज्यों तथा जनता की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ख) अब तक संस्थापित की गई सौर ऊर्जा सौर पैनलों की संख्या, कवर किए गए घर, संस्थापित क्षमता तथा निर्गत राजसहायता का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) और (ख): पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना (पीएमएसजी: एमबीवाई) एक मांग-संचालित योजना है, जिसमें देश के सभी आवासीय उपभोक्ता, जिनके पास स्थानीय डिस्कॉम के साथ ग्रिड से जुड़ा बिजली कनेक्शन है, योजना के राष्ट्रीय पोर्टल (www.pmsuryaghar.gov.in) पर आवेदन करके आरटीएस सिस्टम की स्थापना के लिए योजना का लाभ उठा सकते हैं।

इस योजना के तहत, फरवरी 2024 में इसकी शुरुआत के बाद से, कुल 77,65,047 आवेदन प्राप्त हुए हैं, 14,894.95 मेगावाट की कुल स्थापित क्षमता के साथ 41,94,051 रूफटॉप सौर (आरटीएस) प्रणाली स्थापित की गई हैं, जिससे 50,43,893 परिवार लाभान्वित हुए हैं और दिनांक 05.08.2026 की स्थिति के अनुसार, देश भर में केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) के रूप में 28,390.50 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

अनुलग्नक-I

'पीएमएसजीएमबीवाई के अंतर्गत रूफटॉप सौर पैनल के संस्थापन के प्रति जन प्रतिक्रिया' के संबंध में पूछे गए दिनांक 11.08.2026 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2700 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

देशभर में पीएमएसजी: एमबीवाई के तहत हुई प्रगति का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण (दिनांक 05.08.2026 की स्थिति के अनुसार)

क्र सं	राज्य	आवेदन (संख्या)	स्थापनाएं (संख्या)	शामिल किए गए घर (संख्या)	स्थापित क्षमता मेगावाट में	जारी की गई सब्सिडी (करोड़ रुपये)
1	गुजरात	1178459	780553	1127106	2924.99	5711.13
2	महाराष्ट्र	1459943	711190	1103999	2608.12	5139.39
3	उत्तर प्रदेश	1183914	729337	737191	2456.15	4842.99
4	केरलम्	426486	315129	322052	1220.83	2098.35
5	राजस्थान	461268	283051	292210	1097.92	1896.75
6	आंध्र प्रदेश	912788	278438	283068	843.48	1539.14
7	मध्य प्रदेश	227332	160900	166296	602.43	1131.60
8	असम	444393	165589	166170	545.69	1198.85
9	ओडिशा	305659	161056	162148	386.05	733.77
10	हरियाणा	195485	119525	129492	393.10	771.79
11	तमिलनाडु	106266	88133	104059	320.24	588.64
12	उत्तराखंड	143406	98443	98807	354.41	768.56
13	छत्तीसगढ	196400	87106	89600	311.61	518.65
14	तेलंगाना	87832	56462	72298	207.94	334.53
15	जम्मू और कश्मीर	87135	39928	40081	143.02	305.90
16	कर्नाटक	56670	23365	36159	95.51	168.61
17	बिहार	95121	25241	25883	91.32	170.30
18	पंजाब	27130	17697	17829	79.28	113.56
19	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	59375	10925	15914	48.28	74.29
20	हिमाचल प्रदेश	17616	12172	12205	41.72	90.71
21	मेघालय	1015	61	9307	0.19	0.33
22	पुदुचेरी	6649	4960	5037	17.70	33.03
23	गोवा	4586	3415	4656	28.16	23.24
24	त्रिपुरा	8023	4586	4598	15.74	33.94

25	पश्चिम बंगाल	45506	3641	4327	12.24	11.73
26	झारखंड	10511	3390	3620	14.31	22.10
27	लद्दाख	2680	2072	2072	6.85	15.69
28	मणिपुर	3394	1596	1596	6.16	11.99
29	चंडीगढ़	1640	1392	1392	5.73	8.49
30	मिजोरम	1520	1379	1382	5.58	10.64
31	लक्षद्वीप	1403	1209	1209	4.05	9.94
32	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	3595	1171	1171	3.04	5.59
33	नगालैंड	913	459	459	1.54	3.23
34	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	695	418	438	1.37	2.66
35	सिक्किम	160	61	61	0.20	0.39
36	अरुणाचल प्रदेश	79	1	1	0.00	0.01
	कुल	**77,65,047**	**41,94,051**	**50,43,893**	**14,894.95**	**28,390.50**

****